LIBRARY COPY

# SHASTRI / B. A. PART- I EXAMINATION, 2024

## General English

**Compulsory Paper – (11014)**

**(Common for Shastri & B. A Faculties)**

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

## Part A

**Q. A Answer any five of the following in 15-20 words:** **[5*2=10]**

Q.1 Who is the narrator of the story 'The Story of Muhammad Din'?

Q.2 Who solved the sums given by the Inspector of the school?

Q.3 What is the form of the story 'The Gentleman of the Jungle'?

Q.4 When were women given the right to vote for the first time in India?

Q.5 'Mr. Krishnan's Family and I' is an extract from which novel?

Q.6 What does the term Kempeitai mean?

Q.7 Who is the narrator of the story 'The Story of Muhammad Din'?

Q.8 What does the term Unni mean in Kerala?

Q.9 Who wrote the essay 'Unleash Your Creativity'?

Q.10 What kind of lesson is 'Mr. Krishnan's family and I'?

**Q. B Answer any four of the following in 60-80 words:** **[4*4=16]**

Q.1 Describe the character of Banu.

Q.2 Who was Muhammad Din?

Q.3 What does the story 'The Shoes of My Sensei' highlight?

Q.4 What is the message of the story 'The Gentleman of the Jungle'?

Q.5 Describe the qualities of a teacher by M.K. Gandhi.

Q.6 What is the salt Satyagraha and its impact? Describe your answer in the light of Kamaladevi Chattopadhyay's essay Indian Woman and Salt Satyagraha.

Q.7 What is the central idea of the story 'Two Fables'?

Q.8 Draw a character sketch of Mr. Krishnan.

**Q. C Give synonyms for the following (any four):** **[4*1=4]**

Faith, pity, happiness, start, need, cover, deny, fear.

**Q. D** **Answer <u>any four</u> of the following either from Animal Farm or The Vendor of Sweets:** **[4*5= 20]**

Q.1 Compare and contrast Napolean and Snowball in *Animal Farm.*

Q2 How does *Animal Farm* allegorize the Russian Revolution?

Q.3 What is the significance of Old Major's speech in *Animal Farm*?

Q.4 Who was Boxer?

Q.5 What were the seven commandments? Why did Napoleon change it?

Q.6 Give a brief account of the Battle of Cowshed.

Q.7 Describe the character of Grace in *The Vendor of Sweets.*

Q.8 Draw a character sketch of Jagan.

Q.9 How is the theme of "tradition and modernity" presented in *The Vendor of Sweets*?

Q.10 What aspects of Jagan's life led to conflict with his son, Mali, in *The Vendor of Sweets*?

Q.11 Who is Ambika in *The Vendor of Sweets*?

Q.12 Discuss the theme of marriage in *The Vendor of Sweets.*

## <u>Part B</u>

**Q. E** **Supply the correct form of the verb:** **[6*1=6]**

Q.1 He............. (fall) asleep while he was driving.

Q2 Don't disturb me, I ....................... (do) my homework right now.

Q.3 The chairman.................. (want) to speak to you.

Q.4 This paper.................... (appear) twice weekly.

Q.5 He..................(drink) tea every morning.

Q.6 Rishi...................... (eat) all the chocolates and there are not any left for you.

**Q. F** **Fill in the blank with suitable modals:** **[4*1=4]**

Q.1 ...................... you live happily and long! (Wish)

Q2 I ................ read without glasses, when I was young. (Past ability)

Q.3 We............ follow the traffic rules. (Duty)

Q.4 We ................... love our neighbours. (Moral obligation)

**Q. G Choose the correct option:** **[6*1=6]**

Q.1 Our boss.................. (put off/put down) our meeting until next week.

Q2 Could you .................... (turn off/turn around) the music while I'm on the phone?

Q.3 I can't ................ (get on with/ get over) my new teacher.

Q.4 My car .................. (broke off/ broke down) on the highway, yesterday.

Q.5 It will be easier to read if you .................... (switch/ switch on) the lights.

Q.6 Would you .................. (look after/ look for) my dog, this weekend?

**Q. H Identify the underlined clause:** **[4*1=4]**

Q.1 Someone <u>in a red shirt</u> shouted. (Adjective clause/Adverb clause)

Q2 <u>When</u> he was a baby, he fell into the river. (Adverb clause/Noun clause)

Q.3 <u>As it was a hot afternoon,</u> I was sweating profusely. (Adverb clause/ Noun clause)

Q.4 The constable asked me <u>what I was searching for</u>. (Adjective clause/ Noun clause)

**Q. I Specify the underlined words:** **[6*1=6]**

Q.1 Children love <u>making</u> mud castles. (Infinitive/Gerund)

Q2 Many men desire <u>to make</u> money quickly. (Infinitive/Past Participle)

Q.3 A <u>lost</u> opportunity never returns. (Present Participle/ Past Participle)

Q.4 He is fond of <u>playing</u> cricket. (Infinitive/ Gerund)

Q.5 <u>To respect</u> our elders is our moral duty. (Infinitive/ Gerund)

Q.6 He was <u>reputed</u> to be the most learned man of his time. (Present Participle / Past. Participle

## Part C

**Q. J Do a précis writing:** **[1*10= 10]**

Teaching is the noblest of professions. A teacher has a sacred duty to perform. It is he/she on whom rests the responsibility of moulding the character of young children. Apart from developing their intellect, he/she can inculcate in them qualities of good citizenship, remaining neat and clean, talking decently and sitting properly. These virtues are not easy to be imbibed. Only he/she who himself leads a life of simplicity, purity and rigid discipline can successfully cultivate these habits in his pupils. Besides, a teacher always remains young. He /She may grow old in age, but not in spite. Perpetual contact with budding youths keeps him/her happy and cheerful. There are moments when domestic worries weigh heavily on his/her mind, but the delightful company of innocent children makes him/her overcome his/her transient moods of despair.

**Q. K Write an essay on any one of the following in about 300 words:** **[1*14=14]**

Q.1 Climate change and its effects on the planet.

Q.2 Impact of social media on communication.

Q.3 Health is wealth

Q.4 Gender equality and women's rights

********************************

# SHASTRI / B. A. PART- I EXAMINATION, 2024

## सामान्य हिन्दी

**(Common for Shastri & B.A. Faculties)**

Compulsory Paper – (HIN/2100)

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

**Part A**

**The candidate will have to solve any 10 questions out of 15 questions. All question carry equal marks. (word limit 50) (10 x 2 = 20)**

**इस खण्ड में 15 प्रश्न है। किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। शब्द सीमा-50 शब्द**

Q.1 उपसर्ग की सहायता से दो शब्द बनाइए:

{i} अति {ii} अनु

Q.2 प्रत्यय की सहायता से दो शब्द बनाइए:

{i} इन {ii} आहट

Q.3 संधि किसे कहते हैं? उसके प्रकार लिखिए।

Q.4 समास शब्द का क्या अर्थ है? इसके प्रकार लिखिए।

Q.5 वाल्मिकी, भरथरी शब्द के शुद्ध रूप लिखिए।

Q.6 वाक्य को शुद्ध कीजिए: (क) पेड़ों पर कोयल बोल रही है

Q.7 'अपने पैरों पर खड़ा होना' मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

Q.8 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

Q.9 निम्न शब्दों के पारिभाषिक रूप लिखिए:- Academic Resume

Q.10 क्रिया किसे कहते हैं? इसके प्रकार बताइए।

Q.11 प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

Q.12 सिकंदर को जीवन का शाश्वत सत्य किसने समझाया?

Q.13 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

Q.14 भक्ति काल के प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

Q.15 'प्रकृति के सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?

## Part B

The candidate will have to solve any 5 questions out of 10 questions. All question carry equal marks. (word limit 150-200) (5 x 10 = 50)

इस खण्ड में कुल दस प्रश्न है । किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है। शब्द सीमा-250शब्द

Q.1 निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

मेरे न रहने पर दुनिया के असंख्य बाशिंदे जिंदा रहे, मैं यह बर्दाश्त नहीं कर सकता। मेरे मौजूद न रहने पर भी सूरज-चांद उगें, फूल खिले, लोग सुहागरात मनाएँ,जच्चा के गीत गाएँ और बरसात में नहायें, मैं हरगिज, हरगिज नहीं चाहता। एक अदना आदमी जिंदा रहे, हंसता-मुस्कुराता रहे और सिकंदर कूच कर जाए, ऐसा नहीं हो सकता।

Q.2 निम्नलिखित गद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

कुछ देर बाद हम लोग जीपों पर सवार हो आगे बढ़ गए। किसान ने हमें जाते हुए देख राहत की सांस ली। जीप में काफी हरा चना ढेर पड़ा था। मैं खाने लगा। वे लोग भी खाने लगे। एकाएक मुझे लगा की जीप पर तीन इल्लियाँ सवार है, जो खेतों की ओर चली जा रही है। तीन बड़ी-बड़ी इल्लियाँ, सिर्फ तीन ही नहीं ऐसी हजारों इल्लियाँ है, लाखों इल्लियाँ है। यह सिर्फ चना ही नहीं खा रही, सब कुछ खाती है और निशंक जीपों पर सवार चली जा रही है।

Q.3 निम्नलिखित पद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई। जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।।
छोड़ दई कुल की कानि कहा करि है कोई। संतन ढिग बैठि-बैठि लोक-लाज खोई।
अँसुवन जल सींचि-सींचि प्रेम-बेल बोई। अब तो बेल फैलि गई आणंद फल होयी।।
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से बिलोयी। दधि मथि घृत कादि लियो डारी दयी छोयी।।
भगत देखि राजी हुई, जगत देख रोयी। दासी मीरां लाल गिरधर, तारो अब मोही।।

Q.4 निम्नलिखित पद्यावतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

हम राज्य के लिए मरते हैं? सच्चा राज्य परंतु हमारे कृषक ही करते हैं।
जिनके खेतों में है अन्न, कौन अधिक उनसे संपन्न,
पत्नी सहित विचरते हैं वे, भव-वैभव भरते हैं, हम राज्य के लिए मरते हैं?

Q.5 बड़े भाई साहब कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

Q.6 रजिया शीर्षक रेखाचित्र की रजिया की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Q.7 कबीर की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Q.8 'मनुष्यता' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

Q.9 श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य - हिंदी पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

Q10 (अ) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए:

मन की एकाग्रता की समस्या सनातन है। आज के प्रौद्योगिकी युग में जहाँ भौतिक उन्नति की संभावनाएँ अपार हैं ऐसे में छात्र जब अध्ययन करने बैठता है, तब उसके मन को अनेक तरह के विचार घेरने लगते हैं। वह सोचता है इस अर्थ प्रधान युग में मुझे उत्कृष्ट पद प्राप्ति के लिए एकाग्र मन से पढ़कर परीक्षा में उच्चतम श्रेणी प्राप्त करना आवश्यक है। लेकिन वह जब पढ़ने बैठता है तो क्रिकेट, सिनेमा या मित्र-मण्डली की मौज-मस्ती के विचार में उसका मन भटकने लगता है। मन का यह विचलन बुद्धि की एकाग्रता भंग कर देता है। यह घबरा कर सोचता है, परीक्षा तिथि पास है, मन उद्विग्न है, कैसे अध्ययन करूँ? क्या करूँ? व्यर्थ के विचारचक्र से बुद्धि अस्थिर और मन चंचल बना रहता है। वह सोचता है यदि परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया तो सब कुछ नष्ट हो जाएगा। पद, प्रतिष्ठा, वैभव कुछ नहीं मिलेगा, जीवन बोझ बन जाएगा, वह बार-बार हताशा से घिर जाता है। अनियंत्रित मन और एकाग्रहीनता उसे चिंताओं में डुबा देती है। अर्जुन की यह स्वीकारोक्ति कि 'चंचल मन का निग्रह वायु की गति रोकने के समान दुष्कर है उसे उचित प्रतीत होने लगता है।'

(ब) निम्नलिखित सूक्ति का पल्लवन कीजिए: "मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।"

## Part C

**The candidate will have to solve any 2 questions out of 4 questions. All question carry equal marks. (word limit 300)** **(2 x 15 = 30)**

**इस खण्ड में चार प्रश्न है। किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है। शब्द सीमा 300 शब्द**

Q.1 किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:

(i) पर्यावरण संरक्षण (ii) कंप्यूटर शिक्षा (iii) मेरा स्वप्न: विकसित भारत

Q.2 निम्नलिखित में से किन्ही दो को विस्तृत रूप से समझाइए :-

(i) संज्ञा (ii) विशेषण (iii) क्रिया विशेषण

Q.3 सूरदास का सामान्य परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

Q.4 सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' के काव्य-शिल्प को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

*******************************

BA (Pt. - I) Code: PQRS Printed Page : 3

# B. A. (Gen.) EXAMINATION, 2024

## SANSKRIT

Paper – (SKT/101)

## SANSKRIT- I

LIBRARY COPY

Faculty of Indian Philosophy

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

### Part A

**The candidate will have to solve any 10 questions out of 15 questions. All question carry equal marks. (word limit 50) (10 x 2 = 20)**

Q.1 स्वधा के योग में किस विभक्ति का प्रयोग किया जाता है?

Q.2 स्वप्नवासवदत्त नाटक में उदयन के शत्रु का नाम क्या था?

Q.3 वासवदत्ता का अन्य नाम क्या है?

Q.4 खल एवं सज्जन की मित्रता की उपमा किससे दी गई है?

Q.5 गन्तुम्- पद में प्रकृति प्रत्यय का निर्देश करें।

Q.6 बहुव्रीहि समास में कौनसा पदार्थ प्रधान होता है?

Q.7 पाणिपादम्- समस्तपद का समासविग्रह करें।

Q.8 जनानाम् अभावः – का समास करें।

Q.9 भोगकरी एवं सुखकरी- ये दोनों पद नीतिशतक में किसके लिए कहें गये हैं?

Q.10 उदयन की वीणा का नाम क्या था?

Q.11 भाग्यपङ्क्ति किस प्रकार चलती है?

Q.12 महापुरुषों के हृदय कैसे होते हैं?

Q.13 नीतिशतकम् के अनुसार कुलीन, पण्डित आदि किसे कहा गया है?

Q.14 नीतिशतकम् का मङ्गलपद्य लिखें।

Q.15 अपण्डितों का विभूषण किसे कहा गया है?

## Part B

**The candidate will have to solve any 5 questions out of 10 questions. All question carry equal marks. (word limit 150-200)** **(5 x 10 = 50)**

Q.1 धीरस्याश्रमसंश्रितस्य वसतस्तुष्टस्य वन्यैः फलै-

र्मानार्हस्य जनस्य वल्कलवतस्त्रासः समुत्पद्यते।

उत्सिक्तो विनयादपेतपुरुषो भाग्यैश्चलैर्विस्मितः

कोऽयं भो! निभृतं तपोवनमिदं ग्रामीकरोत्याज्ञया।।- सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.2 अनाहारे तुल्यः प्रततरुदितक्षामवदनः

शरीरे संस्कारं नृपतिसमदुःखं परिवहन्।

दिवा वा रात्रौ वा परिचरति यत्नैर्नरपतिं

नृपः प्राणान् सद्यस्त्यजति यदि तस्याप्युपरमः।। -सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.3 अहमवजितः पूर्वं तावत् सुतैः सह लालितो

दृढमपहृता कन्या भूयो मया न च रक्षिता।

निधनमपि च श्रुत्वा तस्यास्तथैव मयि स्वता

ननु यदुचितान् वत्सान् प्राप्तुं नृपोऽत्र हि कारणम्।। -सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.4 शय्या नावनता तथास्तृतसमा न व्याकुलप्रच्छदा

न क्लिष्टं हि शिरोपधानममलं शीर्षाभिघातौषधैः।

रोगे दृष्टिविलोभनं जनयितुं शोभा न काचित् कृता

प्राणी प्राप्य रुजा पुनर्न शयनं शीघ्रं स्वयं मुञ्चति।।- सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.5 लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्

पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः।

कदाचिदपि पर्यटञ्छशविषाणमासादयेत्

न तु प्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत् ।। -सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.6 लाङ्गूलचालनमधश्चरणावपातं

भूमौ निपत्य वदनोदरदर्शनं च।

श्वा पिण्डदस्य कुरुते गजपुङ्गवस्तु

धीरं विलोकयति चाटुशतैश्च भुङ्क्ते ।।-सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.7 भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमै-

नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।

अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः

स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् ।। -सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.8 मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा-

स्त्रिभुवनमुपकारश्रेणिभिः प्रीणयन्तः।

परगुणपरमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं

निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः ।। सप्रसंग व्याख्या करें।

Q.9 समास का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें।

Q.10 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद करें-

1) विद्यालय के दोनों ओर वृक्ष हैं।
2) सुशील माता का स्मरण करता है।
3) राजा श्रमिकों को धन देता है।
4) ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं है।
5) वह गुरु को नमस्कार करता है।
6) हँसो मत।
7) वह अध्ययन के लिए रहता है।

## Part C

**The candidate will have to solve any 2 questions out of 4 questions. All question carry equal marks. (word limit 300) (2 x 15 = 30)**

Q.1 भर्तृहरि के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर प्रकाश डालें।

Q.2 नीतिशतक में वर्णित दैव पद्धति का प्रतिपादन करें।

Q.3 स्वप्नवासवदत्तम् नाटक के आधार पर पद्मावती एवं वासवदत्ता का चरित्र चित्रण करें।

Q.4 भास की कृतियों का संक्षिप्त परिचय दें।

**********************

BA (Pt. - I) Code: PQRS Printed Page: 4

# B. A. (Gen.) EXAMINATION, 2024

LIBRARY COPY

**SANSKRIT**

Paper – II (SKT/102)

**SANSKRIT- II**

गद्य व्याकरण एवं अनुवाद

Faculty of Indian Philosophy

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

**Part A**

**The candidate will have to solve any 10 questions out of 15 questions. All question carry equal marks. (word limit 50) (10 x 2 = 20)**

Q.1 हितोपदेश के मंगलाचरण में किसकी स्तुति की गई है ?

Q.2 हितोपदेश की कथा में हिरण्यक किसका नाम है ?

Q.3 'परोपदेशे पाण्डित्यं सर्वेषां सुकरं नृणाम्।' सूक्ति का आशय लिखिए।

Q.4 चतुर्दश माहेश्वर सूत्रों को लिखिए।

Q.5 सवर्णसंज्ञाविधायक सूत्र लिखिए।

Q.6 'ऋत्यकः' सूत्र को सोदाहरण संक्षिप्त रूप से समझाइए।

Q.7 'वागीशः' पद का सूत्रनिर्देशपूर्वक सन्धिविच्छेद कीजिए।

Q.8 'रामस् + षष्ठः' में सूत्रनिर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए।

Q.9 'शिवोऽर्च्यः' पद का सूत्रनिर्देशपूर्वक सन्धिविच्छेद कीजिए।

Q.10 मातृ शब्द के द्वितीया विभक्ति के रूप लिखिए।

Q.11 भगवत् शब्द के तृतीया विभक्ति के रूप लिखिए।

Q.12 राजन् शब्द के पञ्चमी विभक्ति के रूप लिखिए।

Q.13 'दशरथ के पुत्र राम सीता के पति है।' - वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

Q.14 'मुझे संस्कृत पढ़ना अच्छा लगता है।' - वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

Q.15 'मोहन गाँव जाता है।' - वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

## Part B

**The candidate will have to solve any 5 questions out of 10 questions. All questions carry equal marks. (word limit 150-200)** **(5 x 10 = 50)**

Q. 1 सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

यौवनं धनसंपतिः प्रभुत्वमविवेकिता।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम्॥

अथवा

शोकस्थानसहस्राणि भयस्थानशतानि च।
दिवसे दिवसे मूढमाविशन्ति न पण्डितम्॥

Q. 2 सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेतादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥

अथवा

अर्थनाशं मनस्तापं गृहे दुश्चरितानि च।
वञ्चनं चापमानं च मतिमान् न प्रकाशयेत्॥

Q. 3 किन्हीं दो सूत्रों की व्याख्या कीजिए -

(i) समाहारः स्वरितः

(ii) आदिरन्त्येन सहेता

(iii) हलन्त्यम्

(iv) मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः

Q. 4 किन्हीं दो में सूत्रनिर्देशपूर्वक सन्धि कीजिए -

(i) श्री + ईश

(ii) शक + अन्धु

(iii) गङ्गा + उदक

(iv) मधु + अरि

Q. 5 किन्हीं दो सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए -

(i) मोऽनुस्वारः

(ii) शश्छोऽटि

(iii) खरि च

(iv) स्तोः श्चुना श्चुः

...न्हीं दो सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए -

(i) विसर्जनीयस्य सः

(ii) ससजुषो रुँः

(iii) रो रि

(iv) सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणम्

Q. 7 किन्हीं पाँच रूपों के लिङ्ग, विभक्ति तथा वचन का निर्देश कीजिए -

(i) वेधसे

(ii) वाग्भिः

(iii) भगवति

(iv) वधूः

(v) पित्रोः

(vi) एकस्मात्

(vii) अस्य

(viii) अदः

Q. 8 किन्हीं पाँच रूपों के लिङ्ग, विभक्ति तथा वचन का निर्देश कीजिए -

(i) राजसु

(ii) विदुषा

(iii) जगताम्

(iv) आत्मनः

(v) मातृभ्याम्

(vi) त्रयाणाम्

(vii) तासु

(viii) सर्वाणि

Q. 9 किन्हीं पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

(i) वे सब संस्कृत गीत गाते हैं।

(ii) वे सब बालिकाएँ नाच रही हैं।

(iii) तुम सब हंसते हो।

(iv) हम सब भारतीय हैं।

(v) गृहस्वामी चोर से डरता है।

(vi) कवियों में कालिदास श्रेष्ठ है।

(vii) हिमालय से गंगा नदी निकलती है।

(viii) अध्यापक पाठ पढ़ाता है।

Q. 10 किन्हीं पाँच वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

(i) मैं मधुर गीत गा सकता हूँ।

(ii) वह गणेश को नमस्कार करता है।

(iii) गृहस्वामी भिक्षुक को अन्न देता है।

(iv) वह गुरु से व्याकरण पढ़ता है।

(v) तुम जैसा सोचोगे वैसा हो जाओगे।

(vi) बालक दूध पीते हैं।

(vii) हम दोनों खेलते हैं।

(viii) तुम दोनों रामायण पढ़ते हो।

## Part C

**The candidate will have to solve any 2 questions out of 4 questions. All question carry equal marks. (word limit 300)**

**(2 x 15 = 30)**

Q. 1 'यानि कानि च मित्राणि कर्तव्यानि शतानि च।
पश्य मूषिकमित्रेण कपोता मुक्तबन्धनाः॥'
उपर्युक्त श्लोक के सन्दर्भ में कबूतरों और चूहे की कथा का सारांश लिखते हुए कथा का संदेश लिखिए।

Q. 2 'अज्ञातकुलशीलस्य वासो देयो न कस्यचित्।
मार्जारस्य हि दोषेण हतो गृध्रो जरद्गवः॥'
उपर्युक्त श्लोक के सन्दर्भ में बिलाव और बूढ़े गिद्ध की कथा का सारांश लिखते हुए कथा का संदेश लिखिए।

Q. 3 किन्हीं दो सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए -

(i) कर्तुरीप्सिततमं कर्म

(ii) यतश्च निर्धारणम्

(iii) येनाङ्गविकारः

(iv) भीत्रार्थानां भयहेतुः

Q. 4 किन्हीं दो सूत्रों की सोदाहरण व्याख्या कीजिए -

(i) अधिशीङ्स्थासां कर्म

(ii) आधारोऽधिकरणम्

(iii) धोररुतमर्णः

(iv) आख्यातोपयोगे

BA (Pt. - I) Code: PQRS Printed Page: 2

# B. A ( Gen.) PART- I EXAMINATION, 2024

पुराणेतिहासः

Paper – I (BPHI/101)

LIBRARY COPY

पुराणेतिहासः - I

Faculty of Indian Philosophy

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

**Part A**

**The candidate will have to solve any 10 questions out of 15 questions. All question carry equal marks. (word limit 50) (10 x 2 = 20)**

Q.1 महाभारते कति पर्वाणि तथा च कति श्लोकाः सन्ति |

Q.2 जरासंधः कां नगरीं प्रीत्या कर्णाय ददौ ?

Q.3 व्यासः कस्मै महाभारतं प्रोवाच ?

Q.4 महाभारतस्य शान्तिपर्वणः प्रथमाध्यायस्य नाम किमस्ति ?

Q.5 कर्णः कयोः गुर्वोः शिष्यः आसीत् ?

Q.6 युधिष्ठिरः सर्वलोकेषु योषितः किं शशाप ?

Q.7 फ़ाल्गुन इति शब्दः कस्य पाण्डवस्य कृते प्रयुज्यते ?

Q.8 दुर्गासप्तशत्यां कति श्लोकाः अध्यायाश्च सन्ति ?

Q.9 दुर्गासप्तशत्यां कति चरित्राणि सन्ति तथा च तानि चरित्राणि कासां देवीनां सन्ति ?

Q.10 देवी राज्ञे किं वरं प्रददाति ?

Q.11 काभ्यां शचीपतेः त्रैलोक्यं यज्ञभागाश्च मद्बलाश्रयात् हृता ?

Q.12 दुर्गासप्तशतीम् अनुसृत्य सूर्यपुत्रः कोऽस्ति तथा च कां पदवीं सः धारयति ?

Q.13 दुर्गासप्तशतीम् अनुसृत्य कयोः द्वयोः मध्ये युद्धः अजायत तथा च तद्युद्धं कतिवर्षं यावत् बभूव ?

Q.14 देव्याः भर्ता को भविष्यति ?

Q.15 पुष्पैर्धूपगन्धादिभिः सम्पूजिता स्तुता माता दुर्गा भक्तेभ्यः किं ददाति ?

## Part B

**The candidate will have to solve any 5 questions out of 10 questions. All question carry equal marks. (word limit 150-200) (5 x 10 = 50)**

Q.1 महाभारते शान्तिपर्वणि अष्टमाध्याये अर्जुनेनोक्तं धनमहिमा निरूपयतु।

Q.2 इन्द्रानुसारं के विघसाशिनः सन्ति ?

Q.3 महाभारते शान्तिपर्वणि विंशति अध्याये देवस्थानेन उक्तं धनस्तु यज्ञाय एव इति प्रतिपादयतु।

Q.4 यदि दण्डो न पालयेच्चेत् का का हानिः प्रवर्तयेत् इति निरुपयतु।

Q.5 कः कर्णाय शापं दत्तवान् ? किमर्थमिति निरुपयतु।

Q.6 दुर्गासप्तशतीमनुसृत्य धूम्रलोचनवधं निरूपयतु।

Q.7 देव्या विहितो चण्डमुण्डवधः वर्णयतु।

Q.8 दुर्गासप्तशतीमनुसृत्य देवेभ्यः प्रदत्तं वरदानं लिखतु।

Q.9 देवीचरित्रपाठानां माहात्म्यं प्रकाशयतु।

Q10 चण्डमुण्डमुखोद्गीर्णा देव्याः स्तुतिः वर्णयतु।

## Part C

**The candidate will have to solve any 2 questions out of 4 questions. All question carry equal marks. (word limit 300) (2 x 15 = 30)**

Q.1 कर्णशापवृत्तान्तं सविस्तरं वर्णयतु।

अथवा

महाभारते शान्तिपर्वणि द्वादशाध्याये प्रतिपादितं ऋषिशकुनिसंवादकथनं निरूपयतु।

Q.2 शान्तिपर्वमनुसृत्य त्यागमहिमां वर्णयतु।

अथवा

शान्तिपर्वमनुसृत्य गार्हस्थ्यधर्मस्य माहात्म्यं निरूपयतु।

Q.3 दुर्गासप्तशत्यां प्रथमाध्याये कृता भगवतिमहिमा निरूपयतु।

अथवा

इन्द्रादिदेवताभिः विहिता देव्याः स्तुतिः प्रतिपादयतु।

Q.4 महिषासुरमर्दिनी कृतं महिषासुरवधं प्रतिपादयतु।

अथवा

दुर्गासप्तशतीग्रन्थस्य सारांशं लिखतु।

BA (Pt. - I) Code: PQRS Printed Page: 2

# B. A ( Gen.) PART- I EXAMINATION, 2024

पुराणेतिहासः

Paper – V (PHI/102)

**पुराणेतिहासः - II**

Faculty of Indian Philosophy

LIBRARY COPY

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

**Part A**

The candidate will have to solve any 10 questions out of 15 questions. All question carry equal marks. (word limit 50) (10 x 2 = 20)

1. आदिकविः कः ?
2. रामायणे कति स्कन्धाः सन्ति ?
3. वाल्मीकिरामायणे कस्य रसस्य प्रधानता वर्तते ?
4. लौकिकसंस्कृत–साहित्ये आदिकाव्यं किम् ?
5. वाल्मीकिरामायणे कति श्लोकाः सन्ति ?
6. सीता रामं सर्वप्रथमं कुत्र अपश्यत् ?
7. रामायणे मुख्यरूपेण प्रयुक्तं छन्दः किमस्ति ?
8. रामायणे कति सर्गाः विद्यन्ते ?
9. आर्षकाव्यस्य उदाहरणं किमस्ति ?
10. पुराणानां संख्या कियती ?
11. सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा किं स्मृतम् ?
12. वायुपुराणे कति श्लोकाः सन्ति ?
13. पुराणानां रचनाकारः कोऽस्ति ?
14. वायुपुराणे कति अध्यायाः सन्ति ?
15. वायुपुराणे सृष्टिः कतिविधा ? कास्ताः ?

## PART-B (5×10=50)

1. वाल्मीकिरामायणानुसारं लंकापुर्य्याः वर्णनं क्रियताम्

2. वाल्मीकिरामायणानुसारं पुष्पकविमानस्य सौन्दर्यं प्रतिपाद्यताम्

3. अशोकवाटिकायाः सौन्दर्यं विविच्यताम्।

4. "स ददर्श ततः सीतां पूर्णचन्द्रनिभाननाम्" सप्रसंग व्याख्येयम्

5. पुराणलक्षणं संक्षेपेण उपस्थापयत।

6. पुराणानां रचनाकालः संक्षेपेण प्रतिपाद्यताम्

7. वायुपुराणस्य प्रतिपाद्य–विषयोऽपस्थापयत।

8. वायुपुराणस्य वर्तमाने प्रासंगिकता विविच्यताम्

9. वायुपुराणे वर्णितं आश्रमव्यवस्थायाः महत्त्वं समासेन लिखन्तु।

10. वायुपुराणानुसारं पाशुपतयोगस्य स्वरूपं प्रतिपाद्यताम्।

## PART-C (2×15)=30

1. रामायणं तु सर्वाधिकं लोकप्रियं महाकाव्यमस्ति इति विवेचयतु।

2. रामायणमनुसृत्य रामचरितस्य आदर्शताम् निरूपयतु।

3. वायुपुरणानुसारं द्वादशवार्षिकसत्रम् समासेन लिखन्तु।

4. ओंकारप्राप्तिलक्षणं प्रतिपाद्यताम्।

# SHASTRI/B.A. PART- I EXAMINATION, 2024

LIBRA.Y COPY

## HINDI SAHITYA

PAPER -VI (HIN / 2101)

हिन्दी साहित्य – I

Faculty of Ved and Vedang

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

Part- A

Note- सभी दस प्रश्न करने अनिवार्य है।

शब्द-सीमा- 50 शब्द

अंक- 10X2

Q.1 आदिकाल के लौकिक काव्य से संबंधित एक रचना का उल्लेख कीजिए।

Q.2 विद्यापति ने अपना कौनसा ग्रंथ मैथिली भाषा में लिखा है ?

Q.3 आदिकाल की रासो-काव्य परम्परा के दो ग्रंथों का नाम लिखिए ?

Q.4 'भरतेश्वर बाहुबलि रास' के रचयिता का नाम लिखिए?

Q.5 सिद्धों की संख्या कितनी है?

Q.6 'गोरखनाथ' प्रणीत किसी एक ग्रंथ का नाम लिखिए।

Q.7 कबीर के पदों और बानियों का संग्रह किस ग्रंथ में हुआ है?

Q. 8 कबीर की काव्य-भाषा कौनसी है?

Q.9 बीसलदेव रासों में कौनसा रस प्रधान है?

Q. 10 बीसलदेव रासो की नायिका का क्या नाम है ?

Q.11 जायसी निर्गुण धारा की किस शाखा के कवि हैं?

Q. 12 मीरां कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ?

Q. 13 ' ढोला मारू रा दूहा ', का प्रधान रस कौनसा है?

Q.14 'दुलहिन गावहु मंगलाचार'. कबीर के इस पद में रगस्यवाद का कौनसा रूप अभिव्यक्त हुआ है?

Q.15 बैठि-बैठि, सींचि-सींचि में कौनसा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?

Part- B

Note- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

शब्द-सीमा- 200 शब्द

अंक- 5X10

1. पही भमंता जइ मिलइ, तउ प्री आखे भाय।
   जोबण बंधन तोड़सइ, बंधण घातउ आय।।
   अथवा
   पंथी एक संदेसड़उ, लग ढोलइ पैहच्चाइ।
   जोबन खीर समुद्र हुइ,रतन ज काढ़इ आइ।।

2. बिरह-भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ ।
   राम-बियोग ना जिबै जिवै तो बौरा होइ ॥
   अथवा
   जौ रोऊँ तौ बल घटै, हँसौं तो राम रिसाइ ।
   मन ही माहिं बिसूरणा, ज्यूँ घुंण काठहिं खाइ ॥

3. जबहि दीप नियरावा जाई । जनु कबिलास नियर भा आई ॥
   घन अमराउ लाग चहुँ पासा । उठा भूमि हुत लागि अकासा ॥
   तरिवर सबै मलयगिरि लाई । भइ जग छाँह रैनि होइ आई ॥
   मलय-समीर सोहावन छाहाँ । जेठ जाड लागै तेहि माहाँ ॥
   अथवा
   मानसरोदक बरनौं काहा । भरा समुद अस अति अवगाहा ॥
   पानि मोती अस निरमल तासू । अमृत आनि कपूर सुबासू ॥
   लंकदीप कै सिला अनाई । बाँधा सरवर घाट बनाई ॥
   खँड खँड सीढी भईं गरेरी । उतरहिं चढहिं लोग चहुँ फेरी ॥

4. माई री म्हा लियाँ गोविन्दाँ मोल ॥ टेक ॥
   थें कह्याँ छारगे म्हाँ काँ चौड्डे लियाँ बजन्ताँ ढोल ।
   थें कहाँ मुहोंघो म्हाँ कहाँ सस्तो, लिया री तराजाँह तोल ।
   तण वाराँ म्हाँ जीवण वाराँ, वाराँ अमोलक मोल ।
   मीरा कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरव जन्म को कोल ॥
   अथवा
   सखी री मैं तो गिरधर के रंग राती।
   पंचरंग मेरा चोला रंगा दे, मैं झुरमुट खेलन जाती
   झुरमुट में मेरा साई मिलेगा, खोल अडम्बर गाँती ।
   पवन पानी दोनों ही जायेंगे, अटल रहे अविनासी ।
   सुरत निरत का दिवला संजोलै, मनसा की कर बाती ।

5. मानुस हौं तो वही रसखान, बसौं मिलि गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौं तो कहा बस मेरो, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन॥
पाहन हौं तो वही गिरि को, जो धर्यो कर छत्र पुरंदर कारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदीकूल कदम्ब की डारन॥

अथवा

सेष, गनेस, महेस, दिनेस, सुरेसहु जाहि निरंतर गावैं।
जाहि अनादि अनंत अखंड अछेद अभेद सुबेद बतावैं।
नारद से सुक ब्यास रहैं पचि हारे तऊ पुनि पार न पावैं।
ताहि अहीर की छोहरियाँ छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं।।

6. विद्यापति के काव्य सौन्दर्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
7. बीललदेल रासो के काव्य पक्ष पर टिप्पणी लिखिए
8. ढोला मारू रा दुहा की काव्य-भाशा पर टिप्पणी लिखिए।
9. रसखान की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।
10. जायसी के काव्य- पक्ष की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Part-C

Note- किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

शब्द-सीमा- 300 शब्द

अंक- 2X15

1. लोककाव्य के लक्षणों के आधार पर ढोला मारू रा दूहा की विवेचना कीजिए।
2. आदिकाल की प्रवृत्तियों एवं उसकी समस्याओं को रेखांकित करते हुए लेख लिखिए।
3. हिन्दी साहित्य का भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग है। इस कथन की समीक्षा मध्यकाल की प्रवृत्तियों को विवेचित करते हुए कीजिए।
4. जायसी का पद्मावत श्रेष्ठ विरह काव्य है, समझाइए।

# SHASTRI/B.A. PART- I EXAMINATION, 2024

## HINDI SAHITYA

PAPER – II (HIN / 2102)

Hindi Sahitya -II

LIBRARY COPY

Faculty of Ved and Vedang

**Time Allowed : 3 Hours Maximum Marks : 100**

**Note – Each paper will be divided into THREE Parts.**

**Part A**

**सप्रसंग व्याख्या कीजिए : – (प्रत्येक व्याख्या हेतु अंक भार– 9 अंक एवं शब्द सीमा– 250 शब्द) (4 x 9 = 36)**

Q.1 मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएं एक–एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है। लहना सिंह बारह वर्ष का है। अमृतसर में मामा के यहाँ आया हुआ है। दहीवाले के यहाँ, सब्जीवाले के यहाँ, हर कहीं उसे आठ साल की लड़की मिल जाती है। जब वह पूछता है कि तेरी कुड़माई हो गई? तब वह 'धत् कहकर भाग जाती है।

**अथवा**

वह शराब का अद्धा लेना भूलकर मिठाई–पूरी खरीदने लगा। नमकीन लेना भी न भूला। पूरा एक रुपये का सामान लेकर वह दुकान से हटा। जल्द पहुँचने के लिए एक तरह से दौड़ने लगा। अपनी कोठरी में पहुँचकर उसने दोनों की पाँत बालक के सामने सजा दी। उनकी सुगंध से बालक के गले में एक तरावट पहुँची। वह मुस्कराने लगा।

Q.2 जीव अस्तित्व–रक्षा के लिए शाकाहारी से मांसाहारी और मांसाहारी से शाकाहारी बनते रहे हैं। इतना ही नहीं, वे जलचर से थलचर और नभचर तक बन गये। जो जीव स्थिति–अनुकूल व्यवहार नहीं अपना सके उनका अस्तित्व मिट गया। उनके प्रस्तर पंजर संग्रहालयों में मिलेंगे।

**अथवा**

आज के जमाने में तो गुनाहगार अपने को साफ बचाकर ले जाते हैं। लाखों हजम करके मूंछों पर ताव देते घूमते हैं। फाइलों की फाइलें गायब करवा देते हैं और एक ये हैं कि बिना गड़बड़ किए सजा भोगने जा रहे हैं। बिना अपराध किए भी बाबा अपराधी की भाँति चुपचाप सिर नीचा किए सब सुनते रहे। वह बेचारे कानून के छक्के–पंजे क्या जानें?

Q.3 जगदीश बाबू दूर देश में आए हैं, अकेले हैं। चौक की चहल–पहल, कैफे के शोरगुल में उन्हें लगता है, सबकुछ अपनत्वहीन है। शायद कुछ दिनों रहकर, अभ्यस्त हो जाने पर उन्हें वातावरण में अपनेपन की अनुभूति होने लगे। पर आज तो लगता है यह अपना नहीं, अपनेपन की सीमा से दूर, कितना दूर है!

**अथवा**

गदल भीतर रोने लगी, परंतु इतने धीरे कि उसकी सिसकी तक मौनी नहीं सुन सका। आज गदल का मन बहा जा रहा था। रात का तीसरा पहर बीत रहा था। मौनी की नाक बज रही थी। गदल ने पूरी शक्ति लगाकर छप्पर का कोना उठाया और साँपिन की तरह उसके नीचे से रेंगकर दूसरी ओर कूद गई।

**Q.4** मुझे यह एक भारी दुर्घटना मालूम होती थी। मालूम होता था कि अगर आशुतोष ने चोरी की है तो उसका इतना दोष नहीं है, बल्कि यह हमारे ऊपर बड़ा भारी इल्जाम है। बच्चे में चोरी की आदत भयावह हो सकती है, लेकिन बच्चे के लिए वैसी लाचारी उपस्थित हो आई, यह और भी कहीं भयावह है। यह हमारी आलोचना है। हम उस चोरी से बरी नहीं हो सकते।

**अथवा**

पूरे साढ़े सात साल के बाद लाहौर से अमृतसर आए थे। हॉकी का मैच देखने का तो बहाना ही था, उन्हें ज्यादा चाव उन घरों और बाजारों को फिर से देखने का था, जो साढे सात साल पहले उनके लिए पराए हो गए थे। हर सड़क पर मुसलमानों की कोई न कोई टोली घूमती नजर आ जाती थी। उनकी आँखें इस आग्रह के साथ वहाँ की हर चीज को देख रही थीं, जैसे वह शहर साधारण शहर न होकर एक खास आकर्षण का केन्द्र हो।

## Part B

**(संख्या 5 से 8 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक भार – 12 अंक एवं शब्द सीमा – 300 शब्द)**

**(4 X 12 = 48)**

**Q.1** 'नमक का दरोगा' कहानी के आधार पर मुंशी वंशीधर की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

**अथवा**

'पिक्चर और पोस्टकार्ड' कहानी का सारांश लिखते हुए निर्मल वर्मा की रचनाओं में आधुनिकता बोध को स्पष्ट कीजिए।

**Q.2** कथानायिका गदल की चारित्रिक विशेषताओं का सोदाहरण उद्घाटन कीजिए।

**अथवा**

बाल मनोवैज्ञानिकता के आधार पर 'पाजेब' कहानी की समीक्षा कीजिए।

**Q.3** कहानी की परिभाषा और स्वरूप को समझाए।

**अथवा**

हिंदी कहानी के आरंभ का परिचय देते हुए बताइए कि हिंदी की प्रथम कहानी किसे माना जा सकता है?

**Q.4** समकालीन कहानी की मुख्य प्रवृत्तियाँ निर्धारित कीजिए।

**अथवा**

हिंदी के प्रमुख प्रगतिवादी कथाकारों का परिचय दीजिए।

## Part C

(प्रत्येक हेतु अंक भार – 08 अंक एवं शब्द सीमा – 300 शब्द) **( 2 X 8 = 16)**

**Q.1** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए:

(१) जयशंकर प्रसाद की कहानी कला

(२) मुंशी प्रेमचंद की कहानियों में आदर्शोन्मुख यथार्थवाद

(३) मन्नू भंडारी की प्रमुख कहानियाँ

(४) आँचलिक कहानी

(५) कहानी के तत्व